तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 21 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त 2025

11 धूमधाम से मनाया सैनिक स्कूल का स्थापना दिवस

12 विकसित हो रही कॉलोनियों पर चली जेसीबी, सात एकड़ जमीन पर डीपीसी व दीवार ध्वस्त


## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले का एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 4 जून को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में सुठानी निवासी बबीता को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 5 जून को ससुराल पक्ष के लोगों पर केस दर्ज किया था। इस मामले में राजस्थान के बीरबास निवासी मंदीप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एटीएम बदलने का आरोपी वारंट पर



**धारूहेड़ा।** पुलिस ने लगभग सात साल पहले एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर 21 सितंबर 2018 को केस दर्ज किया था। केस की जांच के बाद पुलिस ने पलवल के घाघोट निवासी साकिर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे फिर से जेल भेजने के आदेश हुए।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** रोहड़ाई क्षेत्र में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष के बयान पर गत 3 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में झज्जर के जैतपुर निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त उसकी कार भी कब्जे में ली है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### अंडरपास की ज्यादातर समय बंद रहती लाइटें, सफाई नहीं होने से बिगड़ी रही दशा

# डबल फाटक अंडरपास की चार साल में खस्ता हालत टीनशेड बिखरा, बरसात में जलभराव से टूट रही सड़क

- अंधेरा होने के कारण अंडरपास से तेज गति से गुजरते वाहनों से हर समय दुर्घटना होने का अंदेशा बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहरवासियों की सुविधा के लिए बनाए गए डबल फाटक अंडरपास की हालत दिन-प्रतिदिन खस्ताहाल होती जा रही है। प्रशासन की ओर से अंडरपास शुरू होने के बाद से इस पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया गया है।

वर्तमान में अंडरपास की दिवारों का प्लास्टर बिखर चुका है। डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो चुके है। यहां तके कि अंडरपास में सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। बरसात के कारण जलभराव से जहां अंडरपास की सड़क टूटती जा रही है, वहीं जमा मिट्टी कीचड में तब्दील हो गई है। अंडरपास के फुटपाथ के पास जगह-जगह कचरा जमा हो रहा है। कीचड से लोगों को निकलना पड़ रहा है।

लोगों की सुविधा के लिए सितंबर 2021 में करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुए शहर के डबल फाटक अंडरपास की चार साल में ही हालत बिगड़ गई है। अंडरपास में लगी लाइटें भी ज्यादातर समय बंद रहती है, जिससे वाहन चालकों को दिन में भी वाहनों की लाइटों का सहारा लेना पड़ रहा है। अंधेरा होने के कारण अंडरपास से तेज गति से गुजरते वाहनों से हर समय दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है।





रेवाड़ी। अंडरपास की दिवार की बिगड़ी रही हालत, अंडरपास में जमा बरसात का पानी, अंडरपास में जमा मिट्टी से हुआ कीचड। फोटो :हरिभूमि




रेवाड़ी। अंडरपास का टूटकर बिखरा टीनशेड, अंडरपास की सड़क के किनारे जमा कचरा। फोटो :हरिभूमि

### प्रतिदिन दर्जनों कॉलोनियों व गांवों से लोग गुजरते है

डबल फाटक अंडरपास से करीब दो दर्जन कॉलोनियों व गांवों की आबादी का रोजाना आवगमन रहता है। पहले यहां के लोगों को रेलवे लाइनों को पार करके शहर तक पहुंचना पड़ता था। फाटक बंद रहने के कारण लोग दिनभर जाम में ही फंसे रहते थे। केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने 17 सितंबर 2021 को अंडरपास का उद्घाटन किया था। रेलवे का काम पूरा होने के बाद दोनों ओर का निर्माण कार्य लोकनिर्माण विभाग ने किया था, लेकिन इसके बाद से अंडरपास के रखरखाव पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे इसकी हालत बिगड़ती जा रही है। डबल फाटक अंडरपास का टीनशेड भी जगह-जगह से टूटकर बिखर चुका है। टीनशेड में जगह-जगह बड़े-बड़े होल बन चुके है। आसपास के दुकानदारों ने टीनशेड व दीवारों पर काफी संख्या में अपने होर्डिंग भी लगाए हुए है। अंडरपास में अवैध होर्डिंग्स से अटा हुआ है।

### तुलाराम पार्क में छोड़ा जाता अंडरपास का पानी

अंडरपास के शुरू होने के समय से ही बरसात के सीजन में जलभराव की बड़ी समस्या है। बरसात के पानी की निकासी के लिए रेलवे व प्रशासन की ओर से अभी तक कोई उचित प्रबंध नहीं किए है। तेज बरसात आने के बाद में अंडरपास में करीब 4 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे लोगों को अंडरपास से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है। लोगों के दो पहिया वाहन पानी में बंद होकर फंस जाते है, जिन्हे लोगों की मदद से निकाला जाता है। समस्या ज्यादा होने पर मोटर की मदद से अंडरपास के पानी को राव तुलाराम पार्क में छोड़ दिया जाता है, जिससे कीचड़ होने से पार्क की भी हालत खराब हो रही है।

## युवक की हत्या के मामले में सात साल से फरार 18वां आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** माडल टाउन थाना पुलिस ने बस स्टैंड के सामने एक युवक की पीट-पीट कर हत्या करने की वारदात में संलिप्त 7 साल से फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला कोटपूतली बहरोड़ के गांव महतावास निवासी निखिल के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले दो नाबालिग सहित 17 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 21 सितंबर 2018 को गांव मूंदी निवासी प्रजब्बल व गांव माजरा निवासी पंकज पर कुछ युवकों ने बस स्टैंड के सामने डंडों से हमला कर दिया था। हमले में सिर पर चोट लगने से प्रजब्बल गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल प्रजब्बल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गांव माजरा निवासी पंकज की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दो नाबालिग सहित 17 आरोपियो को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।



## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लगाया पांच लाख का चूना

- साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोशल मीडिया पर मोटी कमाई का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। साइबर ठगों ने एक बैंक कर्मचारी को पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लगभग 5 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। महेंद्रगढ़ के कांवी निवासी पवन ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह एक बैंक में कर्मचारी है। 9 अगस्त को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था, जिसमें पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने के बारे में बताया गया था। उसने पार्ट टाइम जॉब करने के लिए सहमति जताई, तो उसे एक टेलीग्राम गुरप से जोड़ दिया गया। शुरू में उसे टास्क पूरा करने के लिए 2 हजार रुपये एक खाते में ट्रांसफर करने को कहा गया। इसके बाद उसे वापस 3 हजार रुपये दिए गए। मुनाफा होता देखकर वह गुरप में चैट करने वाले के झांसे में आ गया। उसने कई ट्रांजेक्शन के जरिए 5.02 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने पैसा वापस निकालने का प्रयास किया, तो उसे और ज्यादा पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

### बिहार का निकला मैसेज करने वाला नंबर

साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मैसेज भेजने वाले नंबर को टैक किया तो वह बिहार के एक व्यक्ति का निकला। उस नंबर पर संपर्क करने पर फोन यूजर ने बताया कि वह इस नंबर से व्हाट्सएप का इस्तेमाल ही नहीं करता। किसी अन्य ने उसके नंबर को व्हाट्सएप के लिए यूज किया है। पुलिस ने उन खातों को भी सीज करा दिया, जिनमें पवन की रकम ट्रांसफर हुई है। खाते सीज कराने से पहले ही ज्यादादत रकम खातों से निकाली जा चुकी थी।

## छात्राओं के लिए सात स्थानों पर चलाई स्पेशल बसें

- जिले में कई स्थानों से छात्राएं रोजाना पढ़ाई व नौकरी करने लिए रेवाड़ी आती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की ओर से छात्राओं के लिए जिले के 7 स्थानों के लिए स्पेशल बसों का संचालन किया गया है।

जीएम रोडवेज निरंजन शर्मा ने बताया कि रेवाड़ी से खंडोड़ा मार्ग, भटसाना, राजगढ़ मार्ग, पटौदी, कनूका, खटावली मीरपुर व राजकीय महिला कॉलेज सेक्टर-18 तक छात्राओं के लिए अलग से बस चलाई गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कई स्थानों से छात्राएं रोजाना पढ़ाई व नौकरी करने लिए रेवाड़ी आती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए उक्त स्थानों के लिए महिला स्पेशल बसों का संचालन किया गया है। जीएम रोडवेज ने बताया कि रेवाड़ी से खंडोड़ा मार्ग पर बस का समय प्रातः 7 बजे तथा वापसी दोपहर दो बजे, रेवाड़ी से भटसाना सुबह 7:30 बजे वापसी दोपहर 2 बजे, रेवाड़ी से राजगढ़ मार्ग प्रातः 8 बजे वापसी दोपहर 2:30 बजे, रेवाड़ी से पटौदी प्रातः 7:30 बजे वापसी दोपहर 3:10 बजे, रेवाड़ी से कनूका प्रातः 8 बजे वापसी 2 बजे, रेवाड़ी से खटावली मीरपुर प्रातः 7:30 बजे तथा वापसी 2 बजे तथा रेवाड़ी से महिला कॉलेज रेवाड़ी तक 10 ट्रिप बसों का संचालन होगा।



रेवाड़ी। रोडवेज में सफर करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके

## बैंक खाते से 91 हजार रुपये उड़ाने के मामले में एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत वर्ष फरवरी माह में एक व्यक्ति के बैंक खाते से 91 हजार रुपये उड़ाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला दक्षिण दिनाजपुर के गांव उत्तर लक्ष्मीपुर हालआबाद सिक्किम के जिला गंगटोक के गांव बालाजी भोग रानिपुल निवासी जीबोन माहतो के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 21 फरवरी को सेक्टर-6 धारूहेड़ा निवासी रवि कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके मोबाइल फोन पर दोपहर के समय एक मैसेज आया। मैसेज में उसके खाते से 91 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी थी। उसने तुरंत केनरा बैंक धारूहेड़ा जाकर पूछताछ की तो पता चला उसकी रकम पप्पू नाम के खाता धारक के खाते में ट्रांसफर हुई है। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी पश्चिम बंगाल के जिला दक्षिण दिनाजपुर के गांव मोहिन्द्रा निवासी पप्पू हलदार व गोकुल पाल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ था कि आरोपी पप्पू हलदार के खाते में 91 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पप्पू हलदार ने गोकुल पाल के कहने पर अपना खाता कमीशन के आधार पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जीबोन माहतो को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

### आरोपियों से नकदी के अलावा 35 सिमकार्ड, 26 एटीएम कार्ड, 4 बैंक पास बुक व 18 मोबाइल फोन किए बरामद

# टीचर को डिजिटल अरेस्ट बता ठगे थे 4.19 लाख, तीन और आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने जनवरी माह में जाहिदपुर के संस्कृत टीचर को डिजिटल अरेस्ट बताकर 4.19 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उनके कब्जे से पुलिस ने नकदी के अलावा 35 सिमकार्ड, 26 एटीएम कार्ड, 4 बैंक पास बुक व 18 मोबाइल फोन किए बरामद किए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान साइबर ठगी की कई वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। गिरोह के सात सदस्यों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। जाहिदपुर निवासी सुधीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह संस्कृत अध्यापक है। गत 7 जनवरी को उनके मोबाइल पर किसी मोहित हांडा नाम के एक व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया कि किसी कृष्ण गुप्ता नाम के व्यक्ति ने मुंबई में उसकी आईडी पर उनके नाम से बैंक खाता खोल कर मनी लांड्रिंग की है और करीब 68 लाख 50 हजार रुपए जमा कराए हैं। वह अभी सीबीआई की गिरफ्त में है। आरोपी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने उसे भी डिजिटल अरेस्ट किया है। आरोपी ने उसे व्हाट्सएप पर डिजिटल अरेस्ट का ऑर्डर भी भेजा। इसके बाद आरोपी ने उसे एक यूपीआई आईडी भी भेजी और 16 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा। जो डर के कारण उसने पैसे जमा करा दिए। आरोपी ने डरा धमकाकर उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 418999 रुपये जमा करा लिए। इसके बाद उसके एक साथी के घर आने के बाद, उसे हकीकत का पता चला। जिस पर पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त सात आरोपी राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव ढाणी नवोडी निवासी आशीष मिठारवाल, जिला जोधपुर की शक्ति कालोनी निवासी सौरव पंवार, जिला जोधपुर के गांव कापेडा निवासी बुधराज उर्फ बुधाराम, यूपी के जिला अमरोहा के गांव कैसला निवासी बब्बू अली, राजस्थान के जिला सीकर के गांव भावसिंह की ढाणी खादरा निवासी दीपक, यूपी के जिला मुरादाबाद के नयागांव अम्बेडकर नगर निवासी शीलचंद्र व मोहम्मद शकूर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त गिरोह के तीन और सदस्य राजस्थान के जिला नागौर के गांव मुंद गसोई निवासी विकास खिचड, जिला नागौर के गांव लुनवा निवासी कमल कुमावत व जिला जयपुर के गांव हाथोज निवासी सूरज सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान कई बड़ी वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी व जानकारी देते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

### ठगी में इस्तेमाल किया सामान बरामद

डीएसपी हेडक्वार्टर रविंद्र कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 48 हजार रुपये, 35 सिम कार्ड, 26 एटीएम कार्ड, 4 पास बुक व 18 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। साइबर थाना पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। रिमांड के दौरान आरोपियों से इस बात का पता लगाया जाएगा कि उन्होंने अभी तक कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

### टीचर ने खुद को कर लिया कमरे में बंद

साइबर ठगों ने सुधीर को इस तरह से डरा दिया था कि उसने अपने आप को घर के कमरे में बंद कर लिया था। उसने खुद को गिरफ्तार बताते हुए परिजनों से भी दूर रहने को कहा था। डर के मारे वह खाना तक नहीं खा पा रहा था। इसी दौरान उसका एक दोस्त मिलने के लिए आया, तो सुधीर को समझाकर कमरे से बाहर निकाला गया था।


छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।


मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।

# बिजनेस को मैनेज करने के लिए सीखें अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर बिजनेस को सभी ट्रांजेक्शन सही तरीके से मेनटेन करने के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है और आज के समय में बहुत सारे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर है। जो हर बिजनेस को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं और प्रोफिट और लॉस की रिपोर्ट तथा बिजनेस की बैलेंस सीट बनाने में भी मदद करते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से ही किसी भी दुकान या कंपनी के बिजनेस को सही तरीके से मैनेज किया जा सकता है। फिल्म के अकाउंट को मैनेज करने के लिए आपको एक सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी देंगे।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अकाउंट जिसे हिंदी में लेखा-जोखा कहा जाता है और अकाउंटिंग को लेखांकन के नाम से हिंदी में पुकारा जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर ऐसे सॉफ्टवेयर जो अकाउंट के हिसाब को मेनटेन रखते हैं। जैसे प्रोफिट , लॉस, सेल, परचेज , एक्सपेंसिज, इंकम सबको मेनटेन करने का काम करते हैं उसे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कहते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग इनवोयस जनरेट के लिए भी किया जाता है। इसके अलावा किसी भी बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं तो उस अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए डाटा की हर महीना या हर तिमाही जीएसटी फिलिंग के दौरान जरूरत पड़ती है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से ही आपकी सेल कितनी हुई है और आपको कितना प्रोफिट हुआ है। इस बात का अंदाजा लगाया जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग आज के समय में किया जा रहा है। छोटे बिजनेस वाले भी इस प्रकार के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके अपने बिजनेस के अकाउंट को पूरी तरह से मैनेज कर रहे हैं और अच्छे से सुरक्षित कर रहे हैं।

## क्यों है जरूरी

किसी भी कंपनी या किसी भी दुकान से संबंधित सभी फाइनेंसियल गतिविधियों को एक ही जगह पर मैनेज करके रखना और हर समय जरूरत पड़ने पर इस प्रकार की गतिविधि को ट्रेस करना या देखना यह सभी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की वजह से ही संभव है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग बिजनेस में इसलिए किया जा रहा है। क्योंकि जिन लोगों का बड़ा काम है या कहने का मतलब है, जिन लोगों का सालाना टर्नओवर अधिक है। उन लोगों को हाथ से सब कुछ मेनटेन करने में बहुत ज्यादा समस्या होती है और हाथ से अकाउंटिंग मेनटेन करना काफी जटिल हो जाता है। अतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है और यह सॉफ्टवेयर जटिलता को कम करते हैं और कम समय में बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कराते हैं।

## सबसे अच्छे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अपने बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग हर कोई व्यक्ति करता है। लेकिन जो लोग अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं या अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के बारे में सोच रहे हैं। उन लोगों के मन में एक बात अवश्य होती है कि कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मेरी फर्म के लिए अच्छा रहेगा। तो हम आपको बेहतरीन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के फायदे

- किसी भी दुकान या कंपनी के अकाउंट कार्य को इस सॉफ्टवेयर की मदद से बहुत आसान बनाया जा सकता है।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आपको सिर्फ एक एंट्री लेनी होती है। उसके पश्चात सारा कैलकुलेशन सॉफ्टवेयर के आधार पर ऑटोमेटिक किया जाता है।
- हर पार्टी का प्रति वर्ष का स्पेशल डाटा पूरा सॉफ्टवेयर की मदद से मिल जाता है। प्रत्येक पार्टी के साथ जितना लेनदेन हुआ है और कौन सी तारीख को हुआ है उसकी सारी जानकारी सॉफ्टवेयर में आपको आसानी से मिल जाती है।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आप अपने डेटा को सुरक्षित भी कर सकते हैं। सुरक्षित करने के लिए आपको बैकअप का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा अधिकतर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में ऑटोमैटिक बैकअप सुविधा मिलती है।

## सबसे अच्छा सॉफ्टवेयर टेली प्राइम

आज के समय में बिजनेस में सबसे अधिक उपयोग होने वाला सॉफ्टवेयर टेली प्राइम है। हालांकि टेली प्राइम का पुराना नाम टेली था। जिसे टेली ईआरपी 9 में बदला गया। टेली नाम सबसे पहले बिना जीएसटी काम के लिए होता था। उसके पश्चात टेली सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करके टेली ईआरपी 9 विद जीएसटी के साथ लांच किया और उसके बाद इसका नया वर्जन जो साल 2021 में टेली प्राइम के नाम से आया है। 90% बिजनेसमैन इसी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं। क्योंकि यह सॉफ्टवेयर उपयोग करने में काफी आसान है और इस सॉफ्टवेयर की मदद से हर प्रकार का डाटा अच्छे तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं।

## यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।




### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार






## आरटीओ ऑफिसर को करने पड़ते हैं ये काम

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## क्या है जरूरी योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।

## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा और हम युवा इस देश का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आजादी का दिन हर भारतीय के दिल में एक खास जगह रखता है। अगस्त वह महीना है जब हमारा प्यारा भारत 1947 में आजाद हुआ, जब अनगिनत वीरों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें स्वतंत्रता का अनमोल तोहफा दिया। यह दिन केवल झंडा फहराने या उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उन बलिदानों को याद करने का है, जो हमें आजादी की सांस लेने का मौका दे गए। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं। यह हमें याद दिलाता है कि यह देश हमारा है, और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शिक्षा हमारी दिशा है, जो हमें सही रास्ता दिखाती है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं, जो इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## यह देश हमारा है, इसे संजोएं

हमारा भारत एक ऐसा देश है, जिसकी मिट्टी में बलिदान, संस्कृति और प्रेम की कहानियां बसी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने खून-पसीने से इस देश को आजाद कराया ताकि हम खुली हवा में सांस ले सकें। यह देश हमारा घर है, हमारी पहचान है, और हमारा गर्व है। इस देश को सिर्फ एक भौगोलिक सीमा न समझें, यह आपके सपनों, उम्मीदों और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। हर बार जब आप अपने देश का झंडा लहराते देखें, तो अपने दिल में यह संकल्प लें कि आप इस देश को और सुंदर, समृद्ध और मजबूत बनाएंगे। यह देश आपका है, इसे प्यार करें, इसे संजोएं और इसके लिए कुछ करें।

**शिक्षाः हमारी दिशा, हमारी ताकत** : शिक्षा वह दीया है, जो अंधेरे को दूर करता है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने न केवल आजादी के लिए लड़ा, बल्कि एक शिक्षित और जागरूक भारत का सपना भी देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महानायकों ने शिक्षा को देश की प्रगति का आधार माना। शिक्षा आपके लिए केवल किताबें और डिग्रियां नहीं, बल्कि वह हथियार है, जो आपको और आपके देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जब आप पढ़ते हैं, तो आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने देश के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ते हैं। हर किताब, हर पाठ, और हर सवाल आपको इस देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा देता है। अपनी शिक्षा को गंभीरता से लें, क्योंकि यह आपकी और देश की दिशा तय करती है।

**युवाः देश का धड़कता दिल** : युवा किसी भी देश का सबसे बड़ा खजाना होते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। आज का युवा, यानी आप, इस देश का धड़कता दिल हैं। आपकी ऊर्जा, आपके सपने, और आपका जुनून भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आपके पास वह शक्ति है, जो दुनिया बदल सकती है। आपका हर कदम, हर फैसला, और हर मेहनत इस देश को प्रभावित करती है। स्वतंत्रता दिवस आपको यह याद दिलाता है कि आप केवल एक छात्र नहीं, बल्कि इस देश के भविष्य के निर्माता हैं। अपने सपनों को बड़ा रखें, अपने लक्ष्यों के लिए मेहनत करें, और कभी हार न मानें। आपका एक छोटा-सा प्रयास भी देश को गर्व का मौका दे सकता है।

## जीवन में चुनौतियां आएंगी

स्वतंत्रता की लड़ाई आसान नहीं थी। यह अनगिनत बलिदानों, दर्द और दृढ़ संकल्प की कहानी है। रानी लक्ष्मीबाई की तलवार, गांधीजी की अहिंसा, और सुभाष चंद्र बोस की हुंकार हर कहानी हमें साहस और हिम्मत की प्रेरणा देती है। जीवन में चुनौतियां आएंगी, असफलताएं आएंगी, लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों की तरह आपको कभी हार नहीं माननी। हर बार जब आप गिरें, और मजबूती से उठें। आपके भीतर वह साहस है, जो पहाड़ों को हिला सकता है। अपने डर को पीछे छोड़ें और अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**एकता और भाईचारा** : स्वतंत्रता संग्राम में हर धर्म, जाति, और क्षेत्र के लोग एक साथ आए। यह एकता ही थी, जिसने हमें आजादी दिलाई। आज भी, हमारा देश अपनी विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। अपने दोस्तों, सहपाठियों और समाज के हर व्यक्ति का सम्मान करें। एक-दूसरे की मदद करें, एक-दूसरे को प्रेरित करें। जब आप एकजुट होंगे, तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं पाएगी। यह देश तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक-दूसरे का साथ देंगे।

**जिम्मेदारी का एहसास** : स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ आजादी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमारे वीरों ने हमें यह आजादी इसलिए दी ताकि हम अपने देश को दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान दिलाएं। आप इस देश के भविष्य हैं। छोटी-छोटी चीजों से शुरुआत करें। अपने स्कूल को स्वच्छ रखें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगो का बनना किस परिघटना का परिणाम है
(ए) भूलीं परावर्तन और व्यतिकरण
(बी) बहुलित अपवर्तन और परिक्षेपण
(सी) अपवर्तन और परिक्षेपण
(डी) ध्रुवण और व्यक्तिकरण

**2.** वाहन पीछे से आने वाली वस्तुओं को देखने के लिए किसका प्रयोग करते हैं ?
(ए) उत्तल लेंस
(बी) अवतल लेंस
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) अवतल दर्पण

**3.** निम्न में से क्या वायुमण्डलीय अपवर्तन का परिणाम नही है
(ए) सूर्य का अपने वास्तविक उदय से दो या तीन मिनट पहले दिखाई पड़ना
(बी) सूर्य का सूर्यास्त के समय लाल दिखाई देना
(सी) रात के समय तारों का टिमटिमाना
(डी) सूर्य का आकाश में अपनी वास्तविक ऊंचाई से ज्यादा ऊंचाई पर दिखाना

**4.** रोगियों के दांत देखने में दन्त चिकित्सकों द्वारा प्रयुक्त दर्पण होता है -
(ए) उत्तल
(बी) अवतल
(सी) समतल
(डी) इनमे से कोई नहीं

**5.** वाहनों के अग्रदीपों में किस प्रकार का दर्पण का इस्तेमाल होता है
(ए) समतल दर्पण
(बी) उतल दर्पण
(सी) अवतल दर्पण
(डी) परवलयिक दर्पण

**6.** दाढ़ी बनाने के लिए काम में लेते है
(ए) अवतल दर्पण
(बी) समतल दर्पण
(सी) उतल दर्पण
(डी) इनमे से कोई नही

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(ए)

**खबर संक्षेप**



## जयप्रकाश बने एचएसईबी वर्कर यूनियन प्रधान

**कोसली।** कोसली बिजली निगम परिसर स्थित मंदिर में एचएसईबी वर्कर यूनियन की कोसली यूनिट का त्रिवार्षिक चुनाव सर्किल सचिव छत्रलाल की अध्यक्षता व सतबीर सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। सर्व सम्मति से हुए चुनाव में जयप्रकाश यादव को प्रधान, धर्मेंद्र को वरिष्ठ उपप्रधान, राजबीर को उपप्रधान, सुरेन्द्र को सचिव, दीपक को सहसचिव, प्रमोद को कैशियर, यशपाल को एडीटर, अजय को संगठन कर्ता तथा विक्रम,जयपाल व अशोक को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।



## गांव पातूहेड़ा में बच्चों ने निकाली स्वच्छता रैली

**रेवाड़ी।** प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत गांव पातूहेड़ा में स्वच्छता रैली निकाली गई। पातूहेड़ा गांव के सरपंच हवा सिंह ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए शहीद पतराम राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को प्रेरित किया। विद्यालय के अध्यापक संदीप भारद्वाज ने अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। दिनेश कुमार ने छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को संदेश दिया कि कूड़े को कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डालें। मौके पर प्रीतम सिंह, मनजीत, कविता, प्रियंका, हेमलता, पवित्रा, सीता, किरन, गुलशन व गौरव मौजूद रहे।



## छात्राओं ने मैराथन से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विवि के महिला रीजनल सेंटर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की स्वयं सेविकाओं की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मैराथन का आयोजन कर युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया गया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है। छात्रा आरती और मनीषा ने पोस्टर से नशा मुक्त भारत अभियान का संदेश दिया।

## खेलों से सहयोग की भावना का होता विकास

**रेवाड़ी।** श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका में विश्व खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छठी से 12वीं के सभी छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने लेमन रेस, फ्रॉग रेस, थ्री लैग रेस, वन लैग रेस, स्पून रेस, पोटैटो रेस व रस्साकस्सी आदि खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है, खेलों से बच्चों में जहां आपसी सहयोग की भावना का विकास होता है।

# धूमधाम से मनाया सैनिक स्कूल का स्थापना दिवस

## अनुशासन संवर्धित करने का आह्वान किया गया

- मुख्यातिथि प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने सभी कैडेट्स कर्मचारियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सैनिक स्कूल गोठड़ा में शुक्रवार को 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्यातिथि प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने सभी कैडेट्स कर्मचारियों व अभिभावकों को स्कूल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर जयसिंह राठौड़ व उप-प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी भी उपस्थित रहीं। वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करियप्पा सदन ने प्रार्थना सभा के साथ किया, जिसमें सदन कैडेट्स ने विद्यालय गीत व प्रार्थना, सैन्य छात्र प्रतिज्ञा, आज का विचार,आज का शब्द व प्रयोग,आज का इतिहास, दो समसामयिक विषयों पर भाषण व दो छात्रों का विषय पर संवाद की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। कैडेट आयुष श्रीवास्तव ने विद्यालय इतिहास को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने केक काटकर विद्यालय परिवार के साथ स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर विद्यालय एडजुटेंट कैडेट आर्यन कुमार सिंह व कक्षा छह की नवागंतुक छात्रा कैडेट दीया भी उपस्थित रही।



रेवाड़ी। सैनिक स्कूल का स्थापना दिवस मनाते शिक्षक व कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

### उपलब्धियों का उल्लेख किया

इस अवसर पर प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने सभी कर्मियों व कैडेटों से पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करते हुए विद्यालय की गरिमा व अनुशासन संवर्धित करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय की एनसीसी, खेलकूद व अकादमिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की। इस मौके पर विद्यालय के पिछले 17 वर्ष की उपलब्धियों को विविध कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए प्रभारी शिवानी यादव टीजीटी, विज्ञान, संगीत शिक्षक साहिल, प्रवीन टीजीटी हिंदी व सभी शिक्षकों सहित सदनाध्यक्षों के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम संचालन कैडेट सौरिष चावला ने किया।

# बनीपुर व ओपन शेल्टर होम में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- बाल संरक्षण आयोग की टीम ने बावल स्थित ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने की शपथ लेती महिलाएं।

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की ओर से बनीपुर गांव व ओपन शेल्टर होम बावल में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा एवं गणेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। बाल संरक्षण आयोग की टीम ने बावल स्थित ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण भी किया गया तथा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर सुमन राणा ने कहा कि बालिकाएं शिक्षा, आत्मविश्वास और अवसरों के माध्यम से समाज में बदलाव की वाहक बन सकती है। स्कूलों में ऐसे मंच उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान करते है। इस अवसर पर बच्चियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई व बाल विवाह मुक्त भारत का आह्वान किया।

सदस्य गणेश कुमार ने बच्चों के अधिकार व संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयोग की टीम ने बावल स्थित बाल भवन में चल रहे अन्य कोर्स जैसे ई लाईब्रेरी, पार्लर व सिलाई केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को स्वास्थ्य व शिक्षा का पूर्ण ध्यान देने संबंधी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेन्द्र यादव, बाल कल्याण समिति अध्यक्षा कुसुमलता, सदस्य संदीप, जगबीर व तुषार सहित जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## साउथ रेंज आईजी की मौजूदगी में मादक पदार्थ मदों का किया निष्पादन

**रेवाड़ी।** नशा मुक्त रेवाड़ी मुहिम के तहत शुक्रवार को नाजनीन भसीनआईजीपी साउथ रेंज की अध्यक्षता एवं एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा व डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा डीएसपी सहित कमेटी मेंबरों की मौजूदगी में जिले में 29 मदों से संबंधित मादक पदार्थो का सेक्टर-37 गुरुग्राम में स्थित बायोटेक वेस्ट लिमिटेड कंपनी के बॉयलर में निष्पादन किया गया। निष्पादन की गई 29 मदों में 61.56 किलोग्राम पोप्पी हस्क, 6.696 किलोग्राम गांजा, 538 ग्राम स्मैक, 26 ग्राम सुल्फा-चरस तथा प्रतिबंधित दवाइयां, जिनमें 464- कैप्सूल, तथा 189.8 ग्राम अफीम सहित कुल 69.641 किलोग्राम नशीला मादक पदार्थ शामिल थे। आईजीपी ने पुलिस कप्तान हेमेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कारवाई कर मादक पदार्थ बरामदगी की प्रशंसा की। निष्पादन के समय इलैक्ट्रोनिक कांटा से मदों का वजन कराया गया एवं वजन सही होने उपरांत निष्पादन कार्य किया गया। इस दौरान रीडर आईजीपी साउथ रेंज एएसआई रवि दत्त, मालखाना मोहर्रर एसआई काशीराम, लाईन ऑफिसर एसआई विजय कुमार व एचसी रणसिंह सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। मादक पदार्थो का वजन करते हुए व मौजूद अधिकारी।

# श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला समिति की रिहर्सल शुरू

- नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला समिति की ओर से 56वें रामलीला महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं प्रदेश अध्यक्ष सर्व भारतीय ब्राह्मण समाज अनुकूल कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया। प्रधान ने कहा कि इस बार सभी के साथ मिलकर रामलीला को अद्वितीय और स्मरणीय रूप दिया जाएगा। रामलीला के मंचन से हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की जीवंत झलक शहर को गौरवान्वित करेगी। इस मौके पर रामलीला की आकर्षक साज सज्जा व प्रभावशाली मंचन करने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी का गठन भी किया, जिसमें अशोक शर्मा को मुख्य संरक्षक, संजय बत्रा व रमेश वशिष्ठ को संरक्षक, श्याम सुंदर गुप्ता को वरिष्ठ उप प्रधान, संतोष सोनी को उप प्रधान, याद के सुगंध को सचिव, सुभाष गुप्ता को उप सचिव, महेश शर्मा पटवारी को कोषाध्यक्ष, प्रेम प्रकाश शर्मा व सुरेश सेन को चेयरमेन, राजेंद्र प्रसाद मुदगिल एडवोकेट, पवन वत्स एडवोकेट व लोकेश गोयल एडवोकेट को सलाहकार नियुक्त किया गया। रामलीला के निर्देशक भारत भूषण कश्यप और राजेश पंवार ने बताया कि ललित सैनी, विजय पंवार, हिमांशु आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद रामलीला समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

# सीवर ओवरफ्लो, दूषित पानी की हो रही सप्लाई

- परेशान नागरिकों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के वार्ड नंबर-31 में पिछले दो महीनों से नागरिक सीवर ओवरफ्लो व दूषित पेयजल की समस्या से परेशान है। समस्या के समाधान के लिए वार्डवासियों की ओर से डीसी अभिषेक मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। वार्ड के लक्ष्मी नगर, जसवंत नगर, पांचेवाला व दामोदर मंदिर क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। सीवर का गंदा पानी गलियों में फैला हुआ है, जिसके कारण बदबू और गंदगी से लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। पूर्व पार्षद प्रदीप भार्गव, पूर्व पार्षद प्रमिला भार्गव, सूबेदार पीसी शर्मा, छाजूराम, धर्मपाल सैनी, अशोक, सरिता, धर्मपाल यादव, बाबूलाल, सुशीला, मंजू, करतार, फूल कुमार व शेरसिंह ने बताया कि सीवर ओवरफलो के साथ घरों में पीने का पानी भी गंदा और बदबूदार सप्लाई हो रहा है, जिससे बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है। समस्या को लेकर पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यकारी अभियंता एवं जेई को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।



रेवाड़ी। वार्ड नंबर-31 में सप्लाई हो रहा दूषित पानी व सीवर व पानी की समस्या को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे नागरिक।

### बीमारी फैलने का अंदेशा

नागरिकों ने कहा कि वार्ड में गंदे पानी के जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने वार्ड में फोगिंग कराने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि दूषित पानी की सप्लाई होने के कारण लोगों को पैसे खर्च करके टैंकर से पानी मंगवाना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की। इस मौके पर अनेक वार्डवासी मौजूद थे।

# एनएसएस का सफाई व पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की ओर से एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. ज्योति यादव ने किया। नव नियुक्त प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. स्वाति व डा. रजनी ने सभी स्वयंसेविकाओं को तीन दलों में विभाजित कर महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान व पौधारोपण अभियान चलाया। प्रथम दल ने कॉलेज के बाहर के प्रांगण की सफाई की। द्वितीय दल ने पार्क तथा तीसरे दल ने महाविद्यालय के बोटनिकल गार्डन की सफाई की। स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज को साफ रखने व पौधों की देखभाल करने की शपथ ली। प्राचार्य व एनएसएस टीम ने कॉलेज में अशोका के पौधे लगाए। इस मौके पर एनएसएस एडवाइजरी कमेटी सदस्य डा. राजेश कुमारी, डा. सुनीता, डा. नरेश कुमार, नरेंद्र, हरीश कुमार, इंदु यादव, पूनम व रेनू सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



रेवाड़ी। एनएसएस शिविर में मौजूद शिक्षिक व छात्राएं। रेवाड़ी। छात्राओं को ज्वेलरी बनाना सिखाती ट्रेनर।

### हस्त निर्मित ज्वेलरी पर कार्यशाला आयोजित

इसके अलावा महाविद्यालय के इको क्लब की ओर से पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय हस्त निर्मित ज्वेलरी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। ज्वेलरी मेकिंग आर्टिस्ट सुनेजा यादव ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कपड़े, लकड़ी व पर्यावरण अनुकूल पदार्थ से आभूषण बनाने सिखाएं। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. ज्योति यादव ने किया। उन्होंने बताया कि आभूषण बनाने की यह प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल है। इस अवसर पर इको क्लब की इंचार्ज डा. राजेश कुमारी ने सभी छात्राओं से कार्यशाला में भाग लेने का आह्वान किया।

# डेंगू के पांच पॉजिटिव मरीज और मिले अब पीड़ितों की संख्या 112 पर पहुंची

**रेवाड़ी।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को लगातार जागरूक करने के बावजूद डेंगू के मामले बढ़ते ही जा रहे है। नगर परिषद की फोगिंग कार्य में सुस्ती व लोगों की लापरवाही से एडीज मच्छर का लार्वा पनप रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू की रोकथाम के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी की जा रही है। टीम की ओर से घरों में कूलर, पानी की टंकी व गमले सहित अन्य पात्रों में लार्वा की जांच की जा रही है। जांच के दौरान मच्छर का लार्वा मिलने पर अभी तक 1898 लोगों को नोटिस थमा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1728697 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है। अब तक 1980 डेंगू संभावित लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। शुक्रवार को 5 नए डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिलने से सीजन में आंकड़ा 112 पर पहुंच चुका है तथा अब तक 10 मलेरिया के केस भी मिल चुके है। डेंगू के मामलों में अभी तक शहर में 37, सीएचसी गुरावड़ा में 6, सीएचसी मीरपुर में 7, सीएचसी बावल में 27, सीएचसी खोल में 30 व नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 5 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।



रेवाड़ी। पानी की टंकी में लार्वा की जांच करता स्वास्थ्यकर्मी।


**श्रद्धा** शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव, मनमोहक झांकियों का मंचन कर रहे कलाकार

# बृज की गली-गली में शोर, आयो-आयो माखन चोर गाने पर झूमे श्रृद्धालु

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से गणेश उत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। गणेश उत्सव समिति की ओर से प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जा रहा है। पांडालों में तीन दिन से रोजाना रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। झांकियों के मंचन के लिए बाहर से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। गणेश उत्सव आयोजन समितियों की ओर से 6 सिंतबर को अनंत चतुर्दशी के पर्व पर गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की ओर से गणेश उत्सव में सुबह-शाम महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। गत रात्रि सेक्टर-3 में राधा कृष्ण मंदिर में युवा मंडल की ओर से मनमोहक झांकियों का मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।







रेवाड़ी। टीपी स्कीम में राधा-कृष्ण की झांकी का मंचन करते कलाकार, व टीपी स्कीम में डांस करते हुए बच्ची व सेक्टर-3 कृष्ण मंदिर में शिव-पार्वति की भूमिका में कलाकार।

### बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर मन मोहा

टीपी स्कीम में गणेशोत्सव का तीसरा दिन राधा-कृष्ण की संगीतमय प्रस्तुति के नाम रहा। भजनों की धुन से पूर्व बाल कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। समिति के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने मंच संचालन किया। रात्रि कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथि पोस्ट ऑफिस मार्केट के प्रधान सुधीर यादव, उपप्रधान लवली ढुआ, मास्टर ओमप्रकाश अग्रवाल व सुभाष सचदेवा ने की। समिति संरक्षक सतीश अग्रवाल, प्रधान विनय मलिक, उपप्रधान मोनू सचदेवा, कोषाध्यक्ष प्रेम गेरा व जगदीश कुमार ने पटके पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। बाल कलाकार आरव गोयल, मीनल गोयल, रियाना सचदेवा, लवि, अविक, सारिका अग्रवाल व नव्या खुडानिया ने नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाई। कलाकारों ने बृज की गली-गली में मच गया शोर, आयो-आयो रे माखन चोर, जो है अलबेला मद नैनो वाला जिस की दीवानी ब्रज की हर बाला वो कृष्णा है, वो कृष्णा है, मीठी मीठी मुरली बजा दे मेरे मोहन राधा नाचने आई, बाजे बरसाने में नगाड़ा, के होली आई आरा रा रा गीतों पर डांस करके श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मुकेश अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## वन महोत्सव का आयोजन

**कोसली।** कोसली के डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से वन महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं ने महाविद्यालय में साफ- सफाई की तथा परिसर में आम, अमरूद व सेब के फलदार पौधे लगाए। प्रवक्ता प्रवीण कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व व वन-महोत्सव के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डा. जयसिंह व प्रवक्ता डा. प्रीति धनखड़ ने छात्राओं से स्वच्छता व सामाजिक कार्यों में भागीदारी का आह्वान किया।

**सूचना**

मै, लालचन्द पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव भाकली तहसील कोसली जिला रेवाडी हरियाणा ब्यान करता हूं कि मैंने अपनी शादीशुदा सगी पुत्री मोनिका को सामाजिक दबाव के कारण बेदखल कर इसकी सूचना दिनांक 04.07.2025 के हरिभूमि रेवाड़ी में प्रकाशित कराई थी। अब मैं अपनी पुत्री मोनिका की बेदखली को निरस्त करता हूं। मुझे अपनी पुत्री मोनिका से कोई गिला शिकवा नहीं है।

## खबर संक्षेप



### युवाओं को खेल दिवस पर वितरित की खेल सामग्री

**रेवाड़ी।** जिले के गांव पीथड़ावास में खेल दिवस पर खेल सामग्री वितरित की गई। सरपंच प्रतिनिधि मोहित कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को खेल सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**कोसली।** नठेड़ा से श्याम नगर गांव के रोड़ पर वीरवार हुई एक सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक महेंद्र सिंह के पोते गजेन्द्र कुमार ने कार चालक के विरुद्ध कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। बेरली कलां गांव निवासी गजेन्द्र ने बताया कि वह रात को जयपुर से दवा लेकर ट्रेन से कोसली स्टेशन पर आए अपने दादा महेन्द्र सिंह को मोटरसाइकिल पर लेकर लेकर बेरली कलां की ओर आ रहा थे।

### नहर के पंप हाउस पर मिला व्यक्ति का शव

**कोसली।** जुड्डी गांव के समीप महेंद्रगढ नहर के पंप हाउस पर शुक्रवार प्रातः एक व्यक्ति का शव मिला है। शव को नहर में देख पंप हाउस कर्मियों ने नाहड़ पुलिस चौकी में सूचना दी। सूचना के बाद कोसली के डीएसपी विद्यानंद, कार्यवाहक एसएचओ रामचंद्र व नाहड़ चौकी प्रभारी मनीष मौके पर पहुंचे तथा शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए रेवाड़ी भिजवाया।

### टैंकर की चपेट में आकर ठेकेदार की मौत

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर बिठवाना के नजदीक शुक्रवार सुबह एक तेल टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार कंस्ट्रक्शन ठेकेदार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मां सरस्वती की प्रतिमा को पुनः स्थापित करने की मांग

**कोसली।** भाकली गांव के एक परिवार ने समाधान शिविर में शिकायत देकर गांव के सरकारी स्कूल परिसर से हटाई गई परिवार के बुजुर्ग की स्मृति में लगी मां सरस्वती की प्रतिमा को पुनः स्थापित किए जाने की मांग की है। शिव चन्द्र ने बताया कि 80 साल पहले परिवार के बुजुर्ग बुधराम की स्मृति में परिवार ने कुई का निर्माण कराया था। बाद में स्कूल के निर्माण के समय यह कुई स्कूल परिसर में शामिल हो गई।

## सात एकड़ जमीन पर डीपीसी व दीवार ध्वस्त

# विकसित हो रही कॉलोनियों पर चली जेसीबी

### तू डाल-डाल मैं पात-पात... की तर्ज पर चल रहा खेल, भूमाफिया नहीं आ रहा कॉलोनी काटने से बाज

पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कार्रवाई का विरोध करने के लिए कोई आगे नहीं आया।

■ इस माह डीटीपी की टीम एक दर्जन से अधिक स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दे चुकी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भू-माफिया अवैध कॉलोनियां काटने से बाज नहीं आ रहा है। इन कॉलोनियों पर डीटीपी की टीम भी निरंतर एक्शन ले रही है। 'तू डाल-डाल-मैं पात-पात' की तर्ज पर खेल चल रहा है। कॉलोनी विकसित होने की सूचना मिलते ही जेसीबी मशीन उसे तोड़ने के लिए पहुंच जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के निकट खिजूरी की राजस्व में डीटीपी की टीम ने दो स्थानों पर जमीन समतल करने का एक्शन लिया। डीटीपी की टीम पुलिस बल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ खिजूरी गांव की राजस्व सीमा में जेसीबी मशीन लेकर पहुंची। इस टीम ने नेशनल हाइवे के निकट 4 एकड़ भूमि पर बनाई गई 4 डीपीसी व 5 प्रिकास्ट चारदीवारी को जमींदोज कर दिया। कॉलोनी के लिए तैयार किए गए रोड नेटवर्क को भी समतल कर दिया गया। टीम ने पास में ही खिजूरी गांव के पास तैयार किए गए 3 एकड़ में कच्चे रोड नेटवर्क को भी समतल कर दिया। डीटीपी की इस कार्रवाई से जमीन खरीदकर प्लॉटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कार्रवाई का विरोध करने के लिए कोई आगे नहीं आया। इस माह डीटीपी की टीम एक दर्जन से अधिक स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दे चुकी है, परंतु प्लॉटिंग करने वाले लोग अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहे हैं।





रेवाड़ी। अवैध निर्माण ध्वस्त करती डीटीपी की जेसीबी व अवैध निर्माण ध्वस्त करती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### कृषि भूमि खरीकर कर रहे प्लॉटिंग

जिले के विभिन्न इलाकों में भूमाफिया किसानों की कृषि भूमि खरीदते हैं। इसके बाद सीएलयू के बिना ही उस पर प्लॉटिंग करते हैं। प्लॉटों में जमीन की रजिस्ट्री पर बैन होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉटों की बिक्री की जाती है। प्लॉट खरीदने वाले लोग जब मकान बनाना शुरू करते हैं, तो डीटीपी की जेसीबी अपना काम कर देती है। इससे प्लॉट खरीदने वाले व्यक्ति को दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। तोड़ाफोड़ की कार्रवाई के बाद प्लॉट बेचने वाले लोग भी गायब हो जाते हैं।

### अवैध कॉलोनियां नहीं होंगी बर्दाश्त



डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग का कहना है कि पूर्व में सरकार की ओर से शर्तों को पूरा करने वाली कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। अब सरकार अवैध कॉलोनियों को लेकर पूरी तरह से सख्त है। सरकार के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों पर लगातार एक्शन लिया जा रहा है। प्लॉट खरीदने वाले लोगों को इस मामले में पूरी तरह सजग रहना चाहिए। प्लॉट खरीदने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह नियमित है या नहीं। अवैध कॉलोनी किसी भी सूरत में विकसित नहीं होने दी जाएगी।

## सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे

# फुहारों के साथ गिरा तापमान उमस भरी गर्मी से मिली राहत

### जल्द मौसम साफ होने की नहीं अभी संभावना आज भी हल्की से मध्यम बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है। आसमान अगस्त माह में एक-दो दिन छोड़कर पूरी तरह से साफ नहीं हुआ है। बादलों के बीच बूंदाबांदी और हल्की बरसात रुक-रुककर हो रही है, जो किसानों के लिए परेशानी का सबब साबित होने लगी है। मौसम के अभी जल्द साफ होने की उम्मीद नहीं है। सितंबर माह के पहले सप्ताह में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिले के कई ब्लॉक में हल्की बरसात सुबह से ही शुरू हो गई, जो शाम तक रुक-रुककर चलती रही। मनेठी खंड में सर्वाधित 10 एमएम बरसात दर्ज की गई, जबकि अन्य खंडों में मौसम बूंदाबांदी तक सीमित रहा। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 32.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की कमी के साथ 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 85 प्रतिशत रहा, जबकि हवाओं की गति 13 किमी प्रति घंटा रही। आसमान में फुहारें गिरने के बाद मौसम दिन भर सुहाना बना रहा, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिली रही। इससे पूर्व उमस भरी गर्मी दो दिन से लोगों का पसीना छुड़ा रही थी। बूंदबांदी के बाद उमस का असर कम हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है।



रेवाड़ी। शुक्रवार को शहर में छाए बरसात के घने बादल। फोटो :हरिभूमि

### अब फसलों के लिए बारिश खतरनाक

बार-बार होने वाली बारिश से खुश नजर आने वाले किसान अब बादलों को देखकर ही चिंतित होने लगे हैं। बाजरे की अगेती फसल पककर तैयार खड़ी है। खराब मौसम में किसान फसल कटाई नहीं कर पा रहे हैं। कटी हुई फसल बारिश से ज्यादा खराब हो सकती है। अगर जल्द आसमान साफ नहीं होता है, तो इससे खड़ी फसल भी खराब होना शुरू हो जाएगी। कपास की अगेती फसल भी बारिश के कारण खराब हो सकती है, जिससे किसान जल्द मौसम साफ होने की कामना करने लगे हैं।

## महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करेगी लाडो लक्ष्मी योजना

**कोसली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने अपने विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के प्रति सम्मान दिखाते हुए दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर योजना को लॉन्च करने की घोषणा की। यह योजना 1 नवंबर से लागू होगी। योजना में एक लाख पारिवारिक आय व 23 वर्ष से ऊपर आयु की महिलाओं को लाभ मिलेगा। परिवार के अंदर महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस योजना से हरियाणा की 20 लाख से ज्यादा बहनों और माताओं को लाभ मिलेगा। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ परिवार एवं समाज में उसकी भूमिका को और अधिक मजबूत करना है। पार्टी महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और आगे भी हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करती रहेगी।



बलजीत यादव

## विधायक ने गोशालाओं को 59 लाख 45 हजार की राशि के चेक भेंट किए

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की गोशालाओं को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। विधायक शुक्रवार को नाहड़ रोड स्थित कार्यालय में गोशाला संचालकों को सहायता राशि के चेक भेंट कर रहे थे। उन्होंने कोसली हलके की सात गोशालाओं को 59 लाख 45 हजार 850 रुपये की राशि के चेक प्रदान किए, जिनमें गांव नांगलिया रनमोख की श्री महर्षि दयानंद धर्मार्थ संस्था, जाटूसाना की शिव मोहन गोशाला, कोसली की बाबा मुक्तेश्वर पुरी गोशाला, डहीना की श्रीकृष्ण गोशाला सेवा समिति, रालियावास की असपाम फाउंडेशन गोशाला, बालधन खुर्द की श्री शिव कृष्ण गोशाला समिति शामिल हैं।



रेवाड़ी। गोशाला सेवा समितियों को आर्थिक सहायता के चेक प्रदान करते हुए।

### सरकार का आभार व्यक्त किया

विधायक ने कहा कि गोसेवा को हमारे धर्म में पुण्य का कार्य माना गया है। बेसहारा गोवंश को आसरा देने में गोशालाएं अपना यथासंभव सहयोग दे रही हैं। गोशाला समिति सदस्यों ने आर्थिक सहयोग के लिए विधायक अनिल यादव एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

# मेजर ध्यानचंद जयंती पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

विद्यालय की जूनियर व सीनियर कबड्डी टीम खंड स्तर पर विजेता रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के मेजर ध्यानचंद खेल क्लब तथा शिवालिक सदन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में गांव की सरपंच सरिता यादव मुख्य अतिथि रही, जबकि विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने अध्यक्षता की। क्लब के अध्यक्ष प्राध्यापक नरेश कुमार ने बताया कि विद्यालय की दोनों खेल नर्सरी से जुड़े विद्यार्थियों ने खंड तथा जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की जूनियर व सीनियर कबड्डी टीम खंड स्तर पर विजेता रही तथा जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा करीब एक दर्जन बच्चों ने एथलेटिक्स में खंड तथा जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



रेवाड़ी। सीहा स्कूल में खिलाड़ियों को सम्मानित करते सरपंच, प्राचार्य एवं स्टाफ।

### विद्यार्थियों को बधाई दी

राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सरपंच सरिता यादव ने सभी खिलाड़ियों, कोच संदीप कुमार व टीम प्रभारी नरेश कुमार को सम्मानित किया। नए शैक्षणिक सत्र में सीहा स्कूल ने खेलों के साथ-साथ विज्ञान प्रदर्शनी, कला उत्सव, रोल प्ले, समूह नृत्य तथा हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता में सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इस मौके पर सरपंच तथा प्राचार्य ने विद्यालय के स्टाफ सदस्यों, कोच व विद्यार्थियों को बधाई दी।

## विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, सोलो डांस स्किट व रागिनी में दिखाई प्रतिभा




रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर में शुक्रवार को कल्चरल फेस्ट के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कल्चरल फेस्ट की गतिविधियों में हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर व नैतिक मूल्य पर आधारित प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। कक्षा 5 से 8 और 9 से 12 तक ग्रुप डांस, सोलो डांस, स्किट व रागिनी की प्रतियोगिता रखी गई। विद्यालय की प्राचार्या डा. शालिनी पुरोहित ने विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन की बधाई देते हुए इनाम देकर उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुषमा, रेखा, पूनम, ज्योति व अरुणबाला की प्रशंसा की। मंच संचालन डा. बबीता वर्मा ने किया।

## विद्यार्थियों को इंडक्शन कार्यक्रम में दी विवि की अनेक गतिविधियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अर्थशास्त्र विभाग एवं सामाजिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विकास बतरा के मार्गदर्शन में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. सतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी प्रोफेसर पंकज त्यागी ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध अर्थशास्त्र एवं सामाजिक कार्य से संबंधित पुस्तकों, संदर्भ पत्रिका व ई-बुक्स की जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीता यादव ने एनएसएस की शुरूआत, उसका महत्व तथा छात्रों के व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वाईआरसी कार्यक्रम अधिकारी डा. पवन ने यूथ रेडक्रॉस शिविर व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। डा. प्रियंका रंगा ने एनएसएस एवं वाईआरसी की महत्ता पर चर्चा की। डा. सतेंद्र सामाजिक कार्य विभाग एवं डा. देवेंद्र सिंह अर्थशास्त्र विभाग ने छात्रों को अपने-अपने विभागों की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम एवं नए विषयों के बारे में बताया। प्रो. सतीश ने छात्रावास एवं डीएसडब्ल्यू विभाग से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी।

> एनएसएस एवं वाईआरसी की महत्ता पर चर्चा की



रेवाड़ी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए वक्ता।


हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


## चौथी पीढ़ी में दोहराया जा रहा राव परिवार का इतिहास

# राव तुलाराम के दत्तक पुत्र थे दादा, पौती के सेरोगेट मां बनने की चर्चाएं

### राव इंद्रजीत सिंह के उत्तराधिकारी हो सकते हैं 'युवराज'

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

स्वतंत्रता आंदोलन के नायक रहे राजा राव तुलाराम ने नांगल पठानी में राव बलबीर सिंह के घर जन्मे राव बिरेंद्र को दत्तक पुत्र के रूप में अपनाते हुए उन्हें अपना उत्तराधिकारी बनाया था। राव बिरेंद्र सिंह की संपत्ति भले ही तीन बेटों के बीच विभाजित हो गई, परंतु उनके असली राजनीतिक उत्तराधिकारी राव इंद्रसिंह ही बने। राव को कोई बेटा नहीं हैं। अब उनकी बेटी आरती राव के सेरोगेट मां बनने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। अगर चर्चाओं में दम है, तो राव परिवार की चौथी पीढ़ी में राव तुलाराम का इतिहास दोहराया जा रहा है। राव बिरेंद्र को राव तुलाराम ने गोद लेकर अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। राव बिरेंद्र सिंह ने संयुक्त पंजाब से लेकर अलग हरियाणा राज्य बनने तक रामपुरा हाउस की खास पहचान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। देश व प्रदेश की राजनीति में राव बिरेंद्र एक प्रभावशाली नेता के रूप में देखे जाते रहे। राव बिरेंद्र सिंह के तीन बेटे राव इंद्रजीत सिंह, राव अजीत सिंह और राव यादुवेंद्र सिंह हुए। तीनों ने ही खुद को अपने-अपने बूते राजनीति के मैदान में स्थापित करने के प्रयास किए। राव बिरेंद्र सिंह की राजनीतिक विरासत को भी अपने-अपने पाले में करने के प्रयास किए, परंतु इस विरासत को संभालने में राव इंद्रजीत सिंह ही पूरी तरह सफल हुए। राव इंद्रजीत सिंह ने पहले कांग्रेस और अब भाजपा में रहते हुए गुरूग्राम से लेकर नारनौल के नांगल चौधरी तक अपना राजनीतिक रुतबा कायम रखा है। उनके मंझले भाई राव अजीत सिंह काफी प्रयासों के बाद भी विधायक तक नहीं बन पाए, जबकि छोटे भाई राव यादुवेंद्र सिंह को वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों में राव इंद्रजीत सिंह ने ही जाटूसाना से कांग्रेस की टिकट दिलाकर विधायक बनवाया था।



राव तुलाराम | राव बिरेंद्र सिंह | राव इंद्रजीत सिंह | आरती राव

### अब आरती कमान संभालने के लिए तैयार

राव बिरेंद्र सिंह ने 70 के दशक में ही बड़े बेटे राव इंद्रजीत सिंह को जाटूसाना से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़वाते हुए विधायक बनाकर राजनीति के मैदान में उतार दिया था। पिता की तर्ज पर राव इंद्रजीत सिंह बड़ी बेटी आरती राव को एक तरह से राजनीतिक उत्तराधिकारी बना चुके हैं। आरती इस समय प्रदेश की कैबिनेट मंत्री हैं। उनके एक बहन और भी है, जो अभी तक राजनीति के मैदान से दूरी बनाए हुए है। चूंकि राव के बेटा नहीं है, इसलिए उनके उत्तराधिकारी के रूप में आरती ने सेरोगेट बच्चे का निर्णय लिया है।

### राव जयवीर के रूप में नया उत्तराधिकारी

राव परिवार से जुड़े सूत्रों के अनुसार आरती ने गोद भरने के लिए 'सेरोगेसी' को अपनाया है। आरती राव का विवाह कुछ साल पहले हो गया था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार बाद में आरती का उनके पति के साथ संबंद्ध विच्छेद हो गया। पहले 'श्रीमती' शब्द का इस्तेमाल करने वाली आरती ने गत विधानसभा चुनावों में पर्चा दाखिल करते समय 'सुश्री' शब्द यूज करते हुए पति की जगह पिता का नाम दर्ज कराया था। अब उनके सेरोगेट मदर बनने की चर्चा पूरे अहीरवाल क्षेत्र में फैल गई, जबकि परिवार की ओर से अभी सार्वजनिक रूप से इसका खुलासा नहीं किया गया है।